RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 336 | नागौर, 17 नवम्बर, 2022 (गुरूवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

# जी-20 मीटिंग में बजा भारत का डंका

## समिट की मेजबानी मिली, बाइडेन ने सबसे ज्यादा अहमियत दी

### सुनक जारी करेंगे 3 हजार वीजा

बाली।

इंडोनेशिया के बाली में जी-20 समिट बुधवार दोपहर खत्म हो गई। मेजबान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने अगले साल के लिए अध्यक्षता भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपी। प्रेसिडेंसी मिलने के बाद मोदी ने कहा- दुनिया इस वक्त भारत भारत की तरफ देख रही है। उसे हमसे उम्मीदें हैं। अगले एक साल के दौरान हम चाहेंगे कि जी-20 एकजुट होकर काम करे।

**समिट में छाए रहे मोदी**

बाली में मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिले। इस वर्ल्ड स्टेज पर भारत की अहमियत कितनी है, इसकी मिसाल मंगलवार को फर्स्ट सेशन के दौरान मिली। दरअसल, मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति को देख नहीं पाए थे। वो सीट से उठकर दूसरी तरफ जा रहे थे, तभी स प्रेसिडेंट ने उन्हें पुकारा और फिर दोनों गर्मजोशी से मिले। इमैनुएल मैक्रों भी वहां पहुंचे और कुछ देर तक तीनों नेता बातचीत करते रहे।

इसके बाद ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और मोदी की मुलाकात दो बार हुई। मंगलवार को अनौपचारिक तौर पर मिले तो बुधवार को औपचारिक बातचीत हुई। ब्रिटेन ने लगे हाथ ऐलान कर दिया कि 3 हजार भारतीयों को नए वीजा जारी होंगे।

**जिनपिंग से सिर्फ हाय-हैलो**

मंगलवार रात जी-20 की परंपरा के मुताबिक, मेजबान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने डिनर होस्ट किया। यहां ग्रुप-20 के तमाम राष्ट्राध्यक्ष मौजूद रहे। इसी दौरान मोदी और चीन के राष्ट्रपति आमने-सामने हुए तो दुआ सलाम हुई। गलवान झड़प यानी करीब 3 साल बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी।

खास बात यह है कि 15 और 16 सितंबर को मोदी और जिनपिंग स्ष्ह समिट में भी एक ही छत के नीचे थे, लेकिन तब दोनों की आंखें तक नहीं मिलीं थीं।



### डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर चर्चा

बुधवार को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर चर्चा के दौरान मोदी ने कहा- कई टेक इनोवेशन हमारे युग के बड़े ट्रांसफॉर्मेशन का हिस्सा बन गए हैं। गरीबी से लड़ने में टेक्नोलॉजी ने काफी मदद की है। डिजिटल सॉल्यूशन क्लाइमेट चेंज जैसी चुनौतियों से निपटने में मददगार साबित हो सकते हैं।

### बाइडेन और जिनपिंग की मीटिंग भी अहम रही

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच अहम मीटिंग हुई। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' के मुताबिक, मीटिंग से पहले बाइडेन ने चीनी राष्ट्रपति से हाथ मिलाया और कहा- आपको देखकर बहुत खुशी हुई। इसके बाद दोनों नेता मीटिंग रूम में चले गए। बाद में एक सवाल के जवाब में बाइडेन ने कहा- मुझे नहीं लगता कि चीन अभी ताइवान पर हमला करने वाला है। हम हर एक्शन पर नजर रख रहे हैं।

### हमारे लिए और क्या खास

भारत के लिए यह जी-20 समिट कई मायनों में बेहद खास रही है। कोरोना के दौर के बाद पहली बार व्लादिमिर पुतिन को छोड़कर इतने हेड ऑफ द स्टेट्स एक ही मंच पर मौजूद थे।

भारत को जी-20 की प्रेसिडेंसी मिलने का मतलब साफ है कि वर्ल्ड फोरम पर हमारी बात सुनी जा रही है। इससे भी खास बात यह है कि जर्मनी, फ्रांस, जापान, सऊदी अरब और ब्रिटेन अब भारत से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करने के लिए उतावले नजर आ रहे हैं।

समिट में भारत का कद कितना ऊंचा रहा, इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अमेरिका ने पहली बार इस समिट के लिए अपने हिंदी बोलने वाले प्रवक्ता जेड तरार को भेजा। तरार पूरी समिट के दौरान कैमरों के सामने नजर आते रहे।

### जिनपिंग और ट्रूडो की बहस

समिट के खत्म होने के बाद एक अहम, लेकिन अजीब वाकया हुआ। दरअसल, चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो आमने-सामने हुए तो माहौल काफी कड़वाहट वाला दिखा। दोनों नेताओं की बॉडी लैंग्वेज और फेस एक्सप्रेशन देखकर साफ नजर आया कि किसी बात पर बहस हो रही है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### दिसंबर में क्या होगा?

भारत को औपचारिक तौर पर जी-20 की मेजबानी मिल गई है। दिसंबर 2022 में इसका इनॉगरल सेशन उदयपुर में होगा। राजस्थान के तीन शहर उदयपुर, जोधपुर और जयपुर में अलग-अलग मुद्दों पर कॉन्फ्रेंस होंगी। भारत 1 दिसंबर से जी20 की अध्यक्षता करेगा।

## जी20 में भिड़े शी जिनपिंग और जस्टिन ट्रूडो

### कैमरे में कैद हुई तीखी नोकझोंक



चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बाली में जी 20 शिखर सम्मेलन के मौके पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच बातचीत के दौरान तीखी नोकझोंक देखने को मिली। जिसमें चीनी नेता ने उनके संचार के बारे में मीडिया रिपोर्टिंग के बारे में अपनी आपत्ति दर्ज कराई।

बैठक का एक वीडियो कनाडा स्थित एक पत्रकार द्वारा पोस्ट किया गया। वीडियो में शी को चीन और कनाडा के बीच बातचीत के कनाडा प्रेस में लीक होने पर नाराजगी जताते हुए सुना जा सकता है। दोनों नेता इससे पहले शिखर सम्मेलन से इतर मिले थे।

कनाडाई प्रेस सीटीवी नेशनल न्यूज के अनुसार शी ने नाराजगी व्यक्त की कि कल चर्चा की गई हर चीज कागजों में लीक हो गई है, यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा, अगर आप सच्चे हैं, तो हमें एक दूसरे के साथ सम्मानजनक तरीके से संवाद करना चाहिए, नहीं तो यह कहना मुश्किल होगा कि परिणाम क्या होगा। वहीं ट्रूडो ने इसका जवाब देते हुए कहा कि वह स्पष्ट और स्वतंत्र संवाद में विश्वास रखते हैं।

हम मदद करना जारी रखेंगे... साथ रचनात्मक रूप से काम करेंगे लेकिन ऐसी कई चीजें होंगी जिन पर हम असहमत होंगे। वीडियो के अंत में शी जिनपिंग कहते हैं, आइए पहले परिस्थितियां बनाएं। संक्षिप्त बातचीत के बाद दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया। ट्रूडो ने इस सप्ताह इंडोनेशिया में 20 के समूह (जी20) की बैठक के मौके पर शी के साथ संक्षिप्त बातचीत में कनाडा में कथित चीनी हस्तक्षेप पर गंभीर चिंता जताई थी।

## अग्निवीर के नाम पर युवाओं की भावनाओं से खिलवाड़, राहुल गांधी बोले- यह कैसा राष्ट्रवाद है?



नई दिल्ली।

कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा इस समय महाराष्ट्र में है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मालेगांव से भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की। बताया जा रहा है कि इस यात्रा को महाराष्ट्र से भी काफी समर्थन मिल रहा है। धीरे-धीरे यह यात्रा आगे बढ़ रही है। इसी तरह शिंदे गुट के सांसद राहुल शेवाले ने महाराष्ट्र में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को रोकने की मांग की है। वहीं महाराष्ट्र में राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार कहती है कि अग्निवीर बनो, 6 महीने प्रशिक्षण लो, 4 साल सेना में काम करो और फिर जीवन भर बेरोजगार हो जाओ। यह कैसा राष्ट्रवाद है? अग्निवीर के नाम पर युवाओं की भावनाओं से खेल रहे हैं। हम संविधान की रक्षा के लिए भारत जोड़ो यात्रा में चल रहे हैं...किसान की बुनियादी जरूरतें डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेंडर हैं लेकिन मौजूदा सरकार ने इन चीजों के दाम बढ़ा दिए हैं।

## पसमांदा मुस्लिम समाज' का राग भाजपा व आरएसएस का नया शिगुफा : मायावती

लखनऊ।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुस्लिम पसमांदा समाज सम्मेलन आयोजित करने पर निशाना साधते हुए बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने भाजपा व आरएसएस का नया शिगूफा बताया। बसपा प्रमुख ने बुधवार को ट्वीट किया, केवल संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ की खातिर 'पसमांदा मुस्लिम समाज' का राग भाजपा व आरएसएस का अब नया शिगुफा है।

### मुख्यमंत्री ने डॉ. बी. आर. अम्बेडकर पुस्तकालय भवन का लोकार्पण और प्रतिमा का किया अनावरण

## युवा पीढ़ी के सपनों के साथ राज्य सरकार की सोच : गहलोत

जयपुर।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान विश्वविद्यालय में बुधवार को लगभग 12 करोड़ रूपये की लागत से तैयार नवनिर्मित बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय भवन एवं 23.32 लाख रूपये की लागत से बने तीरंदाजी खेल मैदान का लोकार्पण किया। साथ ही, परिसर में 13.22 लाख रुपये की लागत से स्थापित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इस अवसर पर आयोजित सभा में उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि भविष्य निर्माण के लिए सपने देखें। सकारात्मक सोच के साथ संकल्पित होकर पूरा करने में जुट जाएं, तभी सफलता मिलेगी। गहलोत ने कहा कि हमारे देश और




प्रदेश का भविष्य युवाओं के कंधों पर ही है। विद्यार्थियों के अच्छे संस्कार ही मानव संसाधन के रूप में भविष्य निधि है। राज्य सरकार प्रतिबद्धता से युवा पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास सहित सभी तरह के उच्च अवसर प्रदान कर रही है। प्रदेश का अगला बजट भी युवाओं और विद्यार्थियों को समर्पित रहेगा, आप बेहतर बजट के लिए अपने सुझाव भेंजे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की सोच युवा पीढ़ी के सपनों के साथ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1998 में जब वे पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब लगभग 6 विश्वविद्यालय थे और छात्रों को अन्य राज्यों में जाना पड़ता था। अब लगभग 89 विश्वविद्यालय हैं। साथ ही, हमने लगभग 212 महाविद्यालय शुरू किए, जिनमें 94 महिला महाविद्यालय हैं। आज महाविद्यालयों में लड़कों से ज्यादा लड़कियों की संख्या दर्शाती है कि प्रदेश में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के प्रति राज्य सरकार अग्रसर है। लड़कियों का शिक्षित होना और सत्ता में भागीदार बनना बेहद जरूरी है।

गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना, राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस स्कीम, जयपुर में कोचिंग हब, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, विभिन्न छात्रवृति योजनाएं, इंक्यूबेशन सेंटर सहित अनेकों योजनाओं से राज्य सरकार विद्यार्थियों को शिक्षा के सर्वश्रेष्ठ अवसर मुहैया करा रही है। उच्च शिक्षा और प्रोफेशनल कोर्सेज में निजी शिक्षण संस्थानों को भी मौका दे रहे हैं। ये ही वजह है कि वर्तमान में आईआईटी, एम्स, आईआईएम, ट्रिपलआईटी, विधि, कृषि एवं पत्रकारिता विश्वविद्यालय सहित सभी बड़े संस्थान राजस्थान में स्थापित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक लगभग 1.35 लाख सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। एक लाख से अधिक सरकारी नौकरियां प्रक्रियाधीन हैं और बजट में 1 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां देने की घोषणा की गई है। ऐसे में, प्रदेश में साढ़े तीन लाख से अधिक सरकारी नौकरियां देकर राजस्थान अग्रणी राज्य बन रहा है। हाल ही इन्वेस्ट राजस्थान में 11 लाख करोड़ के एमओयू हुए हैं, जिनमें लाखों प्रदेशवासियों को निजी क्षेत्र में रोजगार मिलने की संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएं पारदर्शिता से आयोजित हो रही हैं। वहीं, पेपर लीक करने वाले को जेल भेजा जा रहा है।

## अजय माकन ने राजस्थान प्रभारी पद छोड़ा

### सियासी बवाल के जिम्मेदार नेताओं पर एक्शन नहीं होने पर विवाद

जयपुर।

अजय माकन ने राजस्थान प्रभारी का पद छोड़ दिया है। माकन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिखकर अब राजस्थान प्रभारी के तौर पर काम करने में अक्षमता जाहिर करते हुए दूसरा प्रभारी ढूंढने की अपील की है। अजय माकन पहले ही बाकी पदाधिकारियों के साथ इस्तीफा दे



चुके हैं। माकन ने 8 नवंबर को एक बार फिर खड़गे को चिट्ठी लिखकर मौजूदा सियासी हालात में दूसरा प्रभारी खोजने की अपील की है। इस चिट्ठी के बाद अब माना जा रहा है कि माकन राजस्थान प्रभारी के तौर पर काम नहीं करेंगे। अजय माकन ने खड़गे को लिखी चिट्ठी में 25 सितंबर को गहलोत गुट के विधायकों की बगावत और उस पर एक्शन नहीं होने का मुद्दा उठाया है। माकन ने लिखा है कि दिसंबर के पहले सप्ताह में भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान आ रही है और 4 दिसंबर को उपचुनाव हो रहे हैं। ऐसे में राजस्थान का नया प्रभारी नियुक्त किया जाना जरूरी है। भारत जोड़ो यात्रा और उपचुनाव से पहले प्रदेश प्रभारी का पद छोड़ना कांग्रेस की खींचतान में नया चैप्टर माना जा रहा है। 25 सितंबर को विधायक दल की बैठक में मौजूदा अध्यक्ष खड़गे के साथ अजय माकन पर्यवेक्षक बनकर जयपुर आए थे।

## जयपुर में बिजनेसमैन ने खुद को मारी गोली

### सुसाइड से पहले बनाया वीडियो; परिवार बोला- पार्टनर 7 करोड़ खा गया था, इसलिए परेशान थे



जयपुर.

जयपुर में बिजनेसमैन ने बुधवार को खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। इससे पहले उन्होंने वीडियो बनाकर सुसाइड का कारण बताया है। उधर, गोली चलने की आवाज सुनकर परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो सामने कारोबारी लहूलुहान पड़े थे। परिवार वाले फौरन उन्हें कांवटिया हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामला शास्त्रीनगर इलाके का है।

शास्त्री नगर थाना के एएसआई लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मनमोहन सोनी (41) आरपीए के सामने स्वर्णकार कॉलोनी में रहते थे। इनका पानीपेच तिराहे के पास डिपार्टमेंटल स्टोर है। बुधवार दोपहर करीब 10.30 बजे मनमोहन ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से सीने में गोली मार ली। उस समय घर में मनमोहन, पत्नी नीतू सोनी (40), बेटा यश (20), मां और छोटे भाई रोहित सोनी की पत्नी मौजूद थी। बेटा यश हादसे के वक्त शॉप पर जाने की तैयारी कर रहा था। अचानक फायर की आवाज सुनकर कमरे में गए तो सबके होश उड़ गए। उसके बाद तुरंत ही छोटे भाई रोहित को बुलाया। मनमोहन को गाड़ी से हॉस्पिटल लेकर गए। लेकिन तब उनकी मौत हो गई।

## चूरू-नागौर-बीकानेर में 10 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान

### अगले 24 घंटों में 2 से 3 डिग्री गिरेगा टेंपरेचर, हिल स्टेशन माउंट में भी ठंड बेअसर

जयपुर.

राजस्थान में ठंड बढ़ गई है। न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में 2 से 3 डिग्री तक टेम्परेचर और गिरने का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के किसी भी शहर का रात का तापमान 18.3 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा नहीं है। सबसे ज्यादा ठंडा शहर चूरू रहा है। चूरू में न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्यियस पहुंच गया है। नागौर में 10.5 और बीकानेर में 10.8 डिग्री सेल्सियस टेंपरेचर रिकॉर्ड किया गया है। ठंड के कारण लोगों की दिनचर्या बदली है। सर्दी का असर स्कूली बच्चों पर भी पड़ रहा है। विंटर यूनिफॉर्म में ही बच्चे स्कूल जा रहे हैं। गर्म कपड़ों में लोग आ गए हैं। किसानों के लिए खुशी की बात है कि सब्जियां अच्छी मात्रा में पैदा हो रही हैं।

**माउंट आबू में 11.2, पिलानी में 11.6 डिग्री न्यूनतम तापमान**-माउंट आबू में 11.2, झुंझुनूं के पिलानी में 11.6, हनुमानगढ़ के संगरिया में 11.8, सवाईमाधोपुर में 12.4, चित्तौड़गढ़ में 12.8, वनस्थली-टोंक में 12.8, सीकर में 13.5, जैसलमेर में 13.8, उदयपुर के डबोक में 14.4, डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया है। बीकानेर में न्यूनतम तापमान में 2.2 डिग्री, जैसलमेर में 1.4 डिग्री, कोटा में 1.5 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है।

**श्रीगंगानगर में 4.9 डिग्री, जैसलमेर में 4.6 डिग्री गिरा तापमान**-राजस्थान के कई शहरों में दिन के अधिकतम तापमान में भी बड़ी गिरावट आई है। इनमें श्रीगंगानर में 4.9 डिग्री, जैसलमेर में 4.6 डिग्री, बीकानेर में 2.8 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 2.2 डिग्री, बाड़मेर में 1.4 डिग्री, वनस्थली-टोंक में 1.2 डिग्री अधिकतम टेम्परेचर घट गया है।



## सम्पादकीय

# आठ अरब के पार

**दुनिया** की आबादी आठ अरब को पार कर गई। इस लिहाज़ से यह चिंता की बात जरूर है क्योंकि कुछ दशकों से बढ़ती आबादी पर चिंता जताई जाती रही है। दशकों तक जनसंख्या नियंत्रण के उपायों पर चर्चा भी होती रही है। इस तरह जनसंख्या बढ़ने के नए आंकड़े पर सोच-विचार जरूर होना चाहिए। लेकिन यहां गौर करने की बात यह है कि पिछले कुछ दशकों में दुनिया में जन्मदर कम होते जाने का रुख है।

जनसांख्यिकीय विश्लेषण में निकल कर आया कि सन 1950 के बाद इस समय जन्मदर अपने सबसे कम स्तर पर है। यानी पिछले दशकों में जनसंख्या नियंत्रण के उपायों के कारगर रहने पर हम संतोष कर सकते हैं। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि फिर उम्मीद से ज्यादा आबादी किस कारण से बढ़ रही है। इसका जवाब यह दिया जा रहा है कि दुनियाभर की सरकारों के अच्छे कामों से नागरिकों के जीने की औसत उम्र बढ़ गई है। जनसंख्या बढ़ोतरी का कारण अगर स्वास्थ्य सेवाओं का बढ़ना और जीवन स्तर बेहतर हो जाना हो तो हम अब किस आधार पर आबादी के नए आंकड़े पर अफसोस जता पाएंगे!

इस बात से भी कोई इनकार नहीं कर सकता कि कई देशों की सरकारें अपने नागरिकों की न्यूनतम जरूरतों को पूरा करने में बड़ी कठिनाई महसूस कर रही हैं। पानी और भोजन की कमी हो, या वाहनों से पैदा होने वाला प्रदूषण, ऐसी समस्याओं के लिए सबसे आसान तर्क बढ़ती आबादी का ही दिया जाता है। लेकिन अगर विश्व में जन्मदर का लक्ष्य कमोबेश हासिल कर लिया गया हो तो अब समस्याओं के समाधान के लिए दूसरा और कौनसा तरीका हो सकता है? दुनियाभर के विकास विशेषज्ञों के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वे अपनी न्यूनतम आकार की आबादी की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विकास का नया माडल खोजें।

हालांकि कुछ विद्वानों को लग सकता है कि जनसंख्या घटोतरी के लिए जन्मदर को और नीचे लाया जा सकता है। लेकिन गौर करने की बात यह है कि कई देशों में विकास का चक्का घुमाने वाले युवकों की आबादी कम हो रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक एक स्तर से ज्यादा जन्मदर नहीं घटाई जा सकती। वरना भविष्य में युवा कम पड़ने लगेंगे। यानी आबादी का मामला इतना आसान नहीं है। जहां तक सिर्फ अपने देश की बात है तो बढ़ती जनसंख्या के रुख में यह भी बताया गया है कि भारत की आबादी दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाले चीन से भी ज्यादा होने को है। यह बात चैंकाने वाली इसलिए है कि यह अनुमान नहीं लगाया गया था कि ऐसी स्थिति इतनी जल्द आ जाएगी। हालांकि भारत जन्मदर को काबू करने का दावा कर रहा है। साथ ही जीने की औसत उम्र भी बढ़ने की बात है।

बेशक पृथ्वी पर इच्छाओं की पूर्ति के लिए संसाधन कम हैं, लेकिन मानव की बुनियादी जरूरतों के लिए संसाधन इतने भी कम नहीं हैं। जहां तक उपलब्धता का सवाल है तो प्रकृति की देन से हमारे पास पर्याप्त जल है। उचित प्रबंधन से हम उसे उपयोग के लायक बना लेंगे। हमारे पास पर्याप्त अनाज उत्पादन की सामर्थ्य भी है। हम मौजूदा प्रौद्योगिकी के सहारे ही दशकों तक भोजन के लिए निश्चिंत रह सकते हैं। इसलिए भविष्य के लिए हमें चिंता नहीं बल्कि चिंतन की जरूरत है।

# अंतरिक्ष कारोबार में निजी क्षेत्र

**देश में कई ऐसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में रोजगार पैदा हुए, जहां सरकारी विभागों या संस्थाओं की कोई दखल तक नहीं है। मिसाल के तौर पर घर बैठे भोजन पहुंचाने वाली आनलाइन व्यवस्था (फूड डिलीवरी ऐप) एक ऐसा ही क्षेत्र है। पर इससे इतर सरकारी विभागों में भी कुछ ऐसी संभावनाएं बनने लगी हैं जहां संस्थाओं का खर्च घटाने, कमाई बढ़ाने और निजी संगठनों को सक्रिय भागीदारी करने का मौका मिल सकता है। अब अंतरिक्ष अनुसंधान और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निजी कंपनियों के योगदान को अब हिकारत की नजर से नहीं देखा जा रहा। विदेशों में खासतौर से अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा में तो निजी कंपनियों के योगदान का रास्ता काफी पहले खुल चुका था। ऐसी ही शुरुआत भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जैसी प्रतिष्ठित संस्था में भी शुरू हो चुकी है। भारत में निजीकरण का यह सिलसिला एक मिशन- प्रारंभ के साथ शुरू हो रहा है। इसके तहत हैदराबाद की एक कंपनी- स्काईरूट एयरोस्पेस भारत के पहले निजी राकेट विक्रम-एस का प्रक्षेपण इसरो की सहायता से करने की तैयारी है।**

**भारतीय** अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए विदेशी उपग्रहों को अपने अंतरिक्ष में भेजने का उपक्रम असल में पैसा जुटने का एक जरिया है। आज स्थिति यह है कि कई यूरोपीय देश अपने उपग्रहों का प्रक्षेपण भारतीय राकेट से करवाना ही पसंद करते हैं। इसकी वजह शुद्ध रूप से आर्थिक है। भारतीय राकेटों के जरिये उपग्रह भेजना सस्ता पड़ता है। इसके अलावा भारतीय राकेटों की सफलता दर भी काफी ऊंची है। रोजगार के नजरिये से देखें तो सरकारी संस्थाओं–विभागों के निजीकरण को आमतौर पर एक अच्छी परंपरा नहीं माना जाता। इस चलन के तमाम नुक्स हैं, खासकर नौकरियों की संख्या, कामकाज के दबावों और सामाजिक सुरक्षा के मानकों पर निजीकरण ने कई ऐसे मर्ज दिए हैं जिनके शिकंजे से बाहर निकलना अब मुमकिन भी नहीं दिख रहा। लेकिन इसी निजीकरण के कुछ दूसरे सकारात्मक पहलू भी हैं।

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई के नाम पर बनाए गए राकेट विक्रम–एस का प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा स्थित इसरो के प्रक्षेपण केंद्र से करने का एक बड़ा अर्थ है। हालांकि यह कहा जा सकता है कि इसरो का सहयोगी संगठन– एंट्रिक्स कारपोरेशन पहले से ही अंतरिक्ष बाजार के दोहन के संदर्भ में कई निजी कंपनियों का सहयोग ले रहा है। लेकिन इसरो के ज्यादातर कामकाज और अनुसंधान आदि पर इस सरकारी संगठन का ही आधिपत्य रहा है। राकेटों के निर्माण, प्रक्षेपण और उनकी सहायता से उपग्रहों को अंतरिक्ष की कक्षाओं में स्थापित करने का काम अब से पहले इसरो ने किसी निजी संगठन के हाथों में नहीं सौंपा था। लेकिन विक्रम–एस नामक इस पहले निजी राकेट से इसरो की कहानी बदलने जा रही है। इसरो इस तरह के निजी उपग्रहों को पहले भी अंतरिक्ष में भेजता रहा है। हाल में, इसरो ने अपने ताकतवर राकेट जीएसएलवी मार्क–3 से ब्रिटिश कंपनी वनवेब के छत्तीस उपग्रहों को निर्धारित कक्षाओं में पहुंचा कर नया कीर्तिमान भी बनाया था। अब विक्रम–एस राकेट को उस सिलसिले में अहम कड़ी माना जा सकता है। लेकिन इस पूरे सिलसिले में ज्यादा जान हाल में तब आई, जब भारत में अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर काम करने वाली सरकारी और निजी कंपनियों को साथ लाने के लिए 'इंडियन स्पेस एसोसिएशन' यानी इस्पा की शुरुआत की गई। इसमें इसरो के अलावा टाटा, भारती और एलएंडटी जैसी बड़ी निजी कंपनियां भी शामिल हैं।

अंतरिक्ष के क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी से क्या होगा, इसका एक जवाब इसरो के ही आंकड़े से मिलता है। असल में, इसरो के मुताबिक वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का मूल्य करीब तीन सौ साठ अरब डालर है, लेकिन भारत की इसमें सिर्फ दो प्रतिशत की हिस्सेदारी है। इसरो का अनुमान है कि अगर भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र का और विस्तार किया जाए तो देश 2030 तक इस हिस्सेदारी को बढ़ा कर नौ प्रतिशत तक ले जा सकता है। लेकिन इसके लिए ठोस प्रयासों की जरूरत है। सबसे पहले जरूरी है कि अंतरिक्ष बाजार में कोई भी देश चंद्रमा या मंगल के अभियानों के साथ–साथ ताकतवर राकेटों के निर्माण और उपग्रहों के प्रक्षेपण व उनकी अंतरिक्ष में स्थापना के काम में अपनी योग्यता



और क्षमता साबित करे। भारत के लिए यह राहत की बात है कि पिछले कुछ अरसे में इसरो ने अपनी तमाम कामयाबियों से अपनी क्षमता दुनिया के सामने रखी है। इससे पूरे अंतरिक्ष बाजार में खलबली मची है। उल्लेखनीय है कि आइटी और बीपीओ उद्योग के बाद दुनिया में अंतरिक्ष परिवहन ऐसे तीसरे क्षेत्र के रूप में उभरा है, जिसमें भारत को पश्चिमी देशों के लिए काम करने से अच्छी–खासी कमाई हो रही है। माना जाता है कि इसरो से उपग्रहों का प्रक्षेपण करवाने की लागत अन्य देशों के मुकाबले तीस से पैंतीस प्रतिशत कम है। हालांकि इसरो इस कीमत का खुलासा नहीं करता, पर वह एक उपग्रह को प्रक्षेपित करने के लिए अमूमन तीस हजार डालर प्रति किलोग्राम के हिसाब से शुल्क लेता है। भारत पीएसएलवी जैसे अपने राकेटों के बल पर साबित कर चुका है कि वह दुनिया का बड़ा प्रक्षेपण सेवा प्रदाता बनने की मजबूत क्षमता रखता है। पहले से ही भारी किफायत में चल रहे भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए विदेशी उपग्रहों को अपने अंतरिक्ष में भेजने का उपक्रम असल में पैसा जुटने का एक जरिया है। आज स्थिति यह है कि कई यूरोपीय देश अपने उपग्रहों का प्रक्षेपण भारतीय राकेट से करवाना ही पसंद करते हैं। इसकी वजह शुद्ध रूप से आर्थिक है। भारतीय राकेटों के जरिये उपग्रह भेजना सस्ता पड़ता है। इसके अलावा भारतीय राकेटों की सफलता दर भी काफी ऊंची है। पिछले कई वर्षों से पीएसएलवी राकेट कई विदेशी उपग्रहों को अंतरिक्ष की कक्षा में सफलतापूर्वक भेज चुके हैं। आलम यह है कि अंतरिक्ष अभियानों में भारत की संलिप्तता को लेकर पहले जो पश्चिमी देश उसका मजाक उड़ाते थे, आज वही देश अपने उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने के लिए भारतीय राकेटों का सहारा ले रहे हैं। जहां तक राकेटों के सफल प्रक्षेपण और उपग्रहों को अंतरिक्ष की कक्षाओं में स्थापित करने के बदले कमाई करने का मामला है तो इसरो इस संबंध में एक के बाद एक नए कीर्तिमान बनाता जा रहा है। विदेशी उपग्रह प्रक्षेपण की दिशा में पीएसएलवी सी–10 के 21 जनवरी, 2008 के प्रक्षेपण को पहली बड़ी सफल इसलिए माना जाता है क्योंकि उससे भेजा गया एकमात्र उपग्रह– इजरायल का पोलरिस विदेशी उपग्रह था। इन कामयाबियों का ही असर है कि पीएसएलवी से अब तक भेजे गए देसी–विदेशी उपग्रहों के प्रक्षेपण के जरिये इसरो की सहयोगी कंपनी– एंट्रिक्स कारपोरेशन कंपनी लिमिटेड एक लाभदायक प्रतिष्ठान में बदल चुकी है। हालांकि अब इसरो का खास ध्यान अंतरिक्ष से देश के लिए पूंजी जुटाने पर है।

## आज का राशिफल

### मेष
अत्यधिक संवेदनशीलता के कारण किसी की बातें आपकी भावनाओं को चोट पहुंचा सकती हैं। माता के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति के संबंध में कोई निर्णय न लेना ही हितकर होगा।

### वृषभ
किसी बात का डर लगा रहेगा। विद्यार्थियों के लिए समय मिश्रित फल देने वाला है। आपके स्वाभिमान को चोट पहुंचने की संभावना है। आज आपकी चिंताएं कम होंगी और उत्साह बढ़ेगा। मन प्रफुल्लित रहेगा।

### मिथुन
आज आप अधिक संवेदनशीलता और भावुकता का अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। साहित्य में आपकी रुचि बढ़ेगी। घर में परिजन विशेषकर माता के साथ तालमेल में वृद्धि होगी।

### कर्क
आज आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। चिंता एवं प्रसन्नता का मिला-जुला अनुभव करेंगे। निर्धारित काम को समय पर पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे। धन के मामले में आपको नुकसान हो सकता है।

### सिंह
मित्रों से मुलाकात का प्रसंग बन सकता है। व्यापार में उत्साह और प्रसन्नता का अनुभव होगा। नौकरीपेशा लोगों को साथियों का सहयोग मिल पाएगा। परिजनों के साथ समय आनंद में गुजरेगा।

### कन्या
आज आपका दिन हर प्रकार से आनंदित रहेगा। तन और मन दोनों दृष्टि से आप स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजन, स्नेहीजन एवं मित्रों से सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। उनकी ओर से उपहार मिलेंगे।

### तुला
प्रवास एवं खान-पान का सुंदर आयोजन करेंगे। आनंददायक प्रवास होगा। वैवाहिक सुख और संतोष की अनुभूति होगी। आज आपको मन पर नियंत्रण रखना होगा। स्वास्थ्य से सम्बंधित विषय में आप चिंतित रहेंगे।

### वृश्चिक
चिंता के कारण शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। व्यर्थ के वाद-विवाद को टालें। कोर्ट-कचहरी के काम को संभालकर करें। विदेश से कोई अच्छा समाचार मिलने की संभावना है। असंयमित भाषा का प्रयोग ना करें।

### धनु
आपका आज का दिन लाभदायी रहेगा। विविध क्षेत्रों से यश, कीर्ति तथा लाभ प्राप्त होगा। धन प्राप्ति के लिए आज का दिन शुभ है। मित्रों से लाभ होने के संकेत हैं। प्रियजनों के साथ मुलाकात आनंददायी रहेगी।

### मकर
व्यापार में आय वृद्धि होने की संभावना है। किसी रमणीय स्थल या जलाशय वाली जगह पर घूमने जाने का कार्यक्रम बन सकेगा। संतान से शुभ समाचार मिलेंगे। दांपत्य जीवन में सुख एवं संतोष की अनुभूति करेंगे।

### कुंभ
लाभ मिलेगा। ऑफिस के काम से यात्रा का आयोजन हो सकता है। गृहस्थ जीवन में सामंजस्य बना रहेगा। आपके घर तथा कार्यालय में अनुकूल वातावरण रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए पदोन्नति के अवसर मिलेंगे।

### मीन
पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। गृहस्थ जीवन में माधुर्य छाया रहेगा। अधिकारियों से प्रोत्साहन मिलेगा। माता से लाभ होगा। उत्तम वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी। सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# दांतों की सफाई के लिए आजमाएं ये घरेलू नुस्खे, पीलेपन से मिल सकता है छुटकारा



खराब लाइफस्टाइल और खानपान के कारण दांतों में प्लाक और टार्टर होना एक आम समस्या बन चुकी है। टार्टर या कैल्क्यूलस वास्तव में प्लाक है, जो दांतों पर मसूड़ों की लाइन या दांतों के बीच में पीले या सफेद रंग के पैच के रूप में जम जाता है। अगर समय से इसकी सफाई पर ध्यान नहीं दिया जाये तो आगे चलकर इसकी रंगत ग्रे या काली भी हो सकती है। आमतौर पर दांतों में सड़न का कारण प्लाक है, जब दांतों के बीच या दांतों में खाने के छोटे–छोटे पदार्थ जमा हो जाते हैं तो उसमें से एक गाढ़ा चिपचिपा पदार्थ निकलता है। जिसमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। इसी गाढ़े चिपचिपे पदार्थ को प्लाक कहते हैं। ऐसा आवश्यक नहीं है कि दांतों की उचित साफ–सफाई न होने के कारण ऐसी समस्या होती है, बल्कि कई पोषक तत्वों की कमी या फिर इंफेक्शन के कारण भी यह समस्या हो होती है। इसे जल्दी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए क्योंकि यह आगे चलकर डायबिटीज, कोरोनरी रोग आदि का कारण भी बन सकता है। यह बेहद जरूरी है कि दांतों से टार्टर और प्लाक की सफाई अच्छी तरह से हो ताकि आपको अन्य समस्याओं से न जूझना पड़े। जानिए कैसे घरेलू उपायों को अपना इस समस्या से हमेशा के लिए निजात पाया जाता सकता है।

**नमक और बेकिंग सोडा :** दांतों में जमे हुए प्लाक को हटाने के लिए बेकिंग सोडा और नमक लेकर, नारियल तेल या सरसों के तेल में मिलाकर दांतों पर रगड़ने से ऊपरी हिस्से में जमा टार्टर आसानी से निकल सकता है। ध्यान रखे यह नुस्खा कुछ ही दिन आजमाएं।

**सुबह–शाम ब्रश :** दांतों की सफाई के लिए नियमित रूप से दो बार ब्रश करना चाहिए। बता दें कि जब हम कुछ भी खाते हैं तो वह हमारे दांतों में चिपक जाते हैं और बाद में सड़न जैसी समस्या पैदा करते हैं। इसलिए रात में सोने से पहले ब्रश करना और भी जरुरी हो जाता है। ध्यान रखें की सॉफ्ट ब्रुसेल वाला ब्रश ही इस्तेमाल करें, यह आपके मसूड़े में खून, सूजन या मसूड़ों को नुकसान होने से बचाता है।

**सिरके का इस्तेमाल :** एक गिलास पानी में एक चम्मच सिरका डालकर गरारा करने से भी लाभ मिल सकता है। प्लाक हटाने के लिए यह एक लॉक हटाने का यह एक नेचुरल तरीका है। सिरके का नेचुरल तरीके से प्लाक के रेशे को कमजोर करता है जिसके बाद वह हल्का–हल्का निकलने लगता है।

### एलोवेरा जेल

एलोवेरा जेल आपकी स्किन के साथ- साथ दांतों के लिए भी काफी फायदेमंद है। इसके सही इस्तेमाल से आपको टार्टर और प्लाक की समस्या से निजात मिल सकती है। एलोवेरा जेल, नींबू और ग्लिसरीन मिक्स करके दांतों की सफाई की जा सकती है।

### संतरे का छिलका

आप दांतों से प्लाक हटाने के लिए संतरे के छिकले और आम के पत्तों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे पहले दोनों को सुखाकर इसका पाउडर बना लें फिर सुबह ब्रश करने के बाद उंगली से अपने दांतों और मसूड़ों पर हल्का-हल्का मसाज करने से प्लाक रिमूव हो जाएगा और दांत भी हेल्दी रहेंगे।

# सर्दियों में पालक का जूस पीने से होते है ये खास फायदे



सर्दियों में खाने का मजा ही कुछ और होता है। इस मौसम में भूख तो ज़्यादा लगती ही है, साथ ही पाचन भी अच्छा रहता है। सर्दियों में कई सब्जियां और फल आते हैं, जिनका सेवन जरूर करना चाहिए। इन्हें डाइट में शामिल करने से न सिर्फ हम बीमारियों से बचे रहते हैं बल्कि हमारी इम्यूनिटी में भी सुधार आता है। खासतौर पर सर्दियों में हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन बेहद फायदेमंद माना जाता है।

**हड्डियों को मज़बूत करता है :** पालक में कैल्शियम, विटामिन्स और एंटीऑक्सीडेंट की अच्छी मात्रा होती है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

**पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है :** पालक का जूस पीने से पेट की सेहत दुरुस्त रहती है। पालक का जूस शरीर से टॉक्सिन बाहर निकालता है, जिससे पेट से जुड़ी कई दिक्कतें दूर हो जाती है।

**वजन कम करता है :** अगर आप वजन कम करने का प्रयास कर रहे हैं, तो पालक आपकी इसमें मदद कर सकती है। इसमें कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है और फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे पालक के जूस को अपनी डाइट में शामिल करने से वजन कम करने में मदद मिलती है।

# बेहतर नींद के लिए फॉलो करें ये स्लीप हाइजीन टिप्स

नींद का हमारी सेहत पर गहरा प्रभाव पड़ता है। हमें स्वस्थ रहने के लिए अच्छी नींद लेना काफी आवश्यक होता है। चैन की नींद सोने से हम तरोताजा महसूस करते हैं। हमारा काम में मन लगता है और सुबह एक नई ऊर्जा का संचार होता है। इससे हमारी उत्पादकता भी बढ़ती है। लेकिन क्या हो अगर आपकी नींद पूरी ही न हो पाए तो। इससे आपके शरीर में काफी सारी बिमारियां उत्पन्न होनी शुरू हो जाएंगी और साथ ही आपको चिंता व डिप्रेशन भी अधिक महसूस होगा। इसलिए आपको अपनी नींद पर भी अधिक ध्यान देना चाहिए।

**हर तरह की आवाज को कर दें बंद :** अगर आपके कमरे में किसी चीज का शोर होगा तो वह आपको बीच रात में उठा सकता है। इससे आपकी नींद प्रभावित हो सकती है। इस शोर को कम करने के लिए आप नॉइस रिडक्शन रेशो वाले इयर प्लग का प्रयोग कर सकते हैं। आप ऐसी ऐप या वेबसाइट का प्रयोग भी कर सकते है जो आपको काफी शांत और रिलैक्स कर देने वाली आवाज प्रदान करती है।

**तकिए और गद्दे अच्छे चुनें :** हम जब पूरा दिन काम से थक हार जाते है तो एक अच्छी



और बेहतरीन नींद की उम्मीद में रहते हैं। अगर आप एक मुलायम और मखमली गद्दे पर सोएंगे तो आपका अनुभव काफी अच्छा रहेगा। लेकिन अगर आपका गद्दा और साथ ही आपका तकिया चुभने वाला होगा तो वह आपको पूरी रात परेशान करेगा और सोने भी नहीं देगा।

**रोजाना सुबह जल्दी उठ कर एक्सरसाइज करें :** थकान होने पर हमें जल्दी और अच्छी नींद आती है। अगर आप सुबह जल्दी उठ कर एक्सरसाइज करेंगे तो आपको रात में लेटते ही नींद आनी शुरू हो जायेगी। आप काफी अच्छी गुणवत्ता वाली नींद ले सकेंगे। साथ ही एक्सरसाइज करने से आपका मूड भी अच्छा रहता है जिसकी वजह से रात में सोते समय किसी चीज की चिंता नहीं होती।

**स्क्रीन को कमरे से दूर रखें :** अगर आपके पास टीवी, मोबाइल या लैपटॉप जैसे यंत्र रहेंगे तो आप न जाने कितनी देर तक इन्हीं में लीन रहेंगे और नींद नहीं आयेगी। अगर आप चाहते हैं कि आपको समय से नींद आ जाए तो अपने मोबाइल आदि को बंद करके सो जाएं। अगर सुबह जल्दी उठना है तो फोन की बजाए अलार्म घड़ी में अलार्म सेट करके सोएं।

**अपने कमरे को अंधेरा करके सोएं :** जब आप सोने के लिए आंख बंद करते हैं तो आपकी आंखों को आराम मिलना चाहिए। ऐसा तभी संभव है जब आपके कमरे के अंदर रोशनी नहीं होगी या फिर बहुत ही डिम रोशनी होगी। अगर तापमान भी कम ही रखेंगे तो आपको सोने में और अधिक मदद मिलेगी। इसलिए इन दोनों टिप्स को दिमाग में जरूर रखें।

**सोने और उठने का एक ही समय रखें :** आपने नोटिस किया होगा कि जब आप कुछ दिन एक ही समय पर उठ जाते हैं तो वह आपकी आदत बन जाती है और फिर आप बिना अलार्म के भी उसी समय उठ सकते हैं।




# बदमाशों ने मकान में पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग

## पट्टियां टूटकर गिरीं, लाखों का सामान जलकर बना राख



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** खानपुर सरहद में स्थित एक फार्म हाउस में बने मकान को अज्ञात बदमाशों ने पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया, जिससे लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हो गया। सुजानगढ़ के होलीधोरा निवासी मोहम्मद शाहिद खान ने लाडनूँ सीआई सुरेंद्रसिंह राव को लिखित रिपोर्ट देकर बताया कि उसका एक फार्म हाउस जैनविश्व भारती रोड पर खानपुर सरहद तहसील लाडनू में स्थित है जिसमें मकान बना हुआ है वँहा वह कई बार आया जाया करते हैं। उसमें उसका घरेलू सामान, किचन का सामान, फर्नीचर, बेड एवं अन्य उपयोगी चीजें भी रखी हुई है। देर रात कुछ अज्ञात बदमाशों ने वँहा पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। जिससे वहां रखा हुआ कीमती सामान, पंखे, फ्रीज, दरवाजे, बेड और खिड़कियां सहित अन्य वस्तुएं जलकर राख हो गई है। आग की लपटों से कमरे की पट्टियां क्षतिग्रस्त होकर नीचे गिर गईं। फर्श व दीवारों में भी दरारें आ गई है। इससे उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हो गया है। पीड़ित पक्ष ने घटना में लिप्त बदमाशों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# बल्दू में गंदे पानी की निकासी नहीं होने से ग्रामीण परेशान

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूं तहसील के बल्दू गांव में गंदे पानी की निकासी नहीं होने के चलते मुख्य रास्तों पर गंदा पानी भरा रहने से आने जाने वाले राहगीरों एवं ग्रामीणों को लम्बे समय से भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने लाडनूं एसडीएम अनिलकुमार गढ़वाल, तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर एंव विकास अधिकारी भंवराराम कालवी को अपनी समस्या से अवगत करवाया। ज्ञापन में बताया गया कि बल्दू ग्राम के मुख्य गुवाड़ व पूरे गांव का पानी पूर्व दिशा की ओर बह रहा है। इस दिशा में आगे पानी की निकासी का रास्ता नहीं होने के चलते गंदा पानी वंही एकत्रित हो जाता है, जिससे पूरे गांव में गंदगी फैली रहती है। इस पानी की वजह से वहां के निवासियों का अपने घरों से आना जाना दूभर हो गया है व अनेकों बार गंदा पानी उनके घरों में भी घुस जाता है जिससे आमजन का जीना मुश्किल हो रखा है। ऐसे हालात में भी वहां ब्लॉक सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है जबकि पानी निकासी का कोई सामाधान नहीं करवाया जा रहा। ग्रामीणों ने गंदे पानी की समस्या का समाधान व निकासी का हल करवाने की मांग की है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बलदेवाराम गेट, भंवरलाल मिर्धा, दानाराम झुरिया, हनुमाना राम भाकर, रामनिवास, पूसाराम, कन्हैयालाल जांगिड़, नाथूराम, श्रवण राम गेट, रामकुमार, दुलाराम, भंवरलाल, हनुमान बुडिया, बेगाराम, तेजाराम, गोपाल सोनी, धर्माराम कैलाश, ओम प्रकाश, हरकरण गेट , सुभाष जांगिड़, जेठाराम जाजड़ा व कुलदीप सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# विशाल रक्तदान शिविर के पोस्टर का किया विमोचन

## सुप्रीम फाउंडेशन के तत्वाधान में होगा रक्तदान शिविर



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** उपखण्ड मुख्यालय की राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में सुप्रीम फाउंडेशन के तत्वाधान में आगामी 25 नवम्बर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुप्रीम फाउंडेशन के प्रधान ट्रस्टी भामाशाह सेठ बजरंग लाल तापड़िया के 89वें जन्मदिन के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर के आयोजन को लेकर बुधवार को सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक इब्राहिम खान की अध्यक्षता में विशाल रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय किया गया। इस अवसर पर ज्यादा से ज्यादा रक्तदान कार शिविर को सफल बनाने का आह्वान भी किया गया। सुप्रीम फाउंडेशन के समन्वय विष्णु शर्मा ने सुप्रीम फाउंडेशन के द्वारा किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सेवानिवृत्ति शारीरिक शिक्षक इब्राहिम खान,हाकम अली खान,सेवानिवृत्ति सूबेदार समंदर खान, सेवानिवृत्ति शारीरिक शिक्षक भंवरू खां, संस्था प्रधान निकेश बाई,अध्यापक रामकिशोर, सुमित्रा, राजेश चौधरी, सुप्रीम फाउंडेशन समन्वयक विष्णु शर्मा, गौतम गौड़, सत्यनारायण डिटेल, सुरेश सिंह विश्नोई, श्रीपाल बेंदा, हनुमान प्रसाद, प्रदीप दड़िया, पर्वत सिंह हाडा, राजू राम गुर्जर, रहीश खान, सावित्री देवी सहित सुप्रीम फाउंडेशन स्वयंसेवक एवं कायमखानी नगर के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि पर बन रही 400 लीटर वॉश व 10 लीटर हथकढ़ जहरीली शराब की नष्ट





## मेड़ता आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

लुकमान शाह

**थांवला( नागौर डेली न्यूज )।** आबकारी विभाग की टीम ने मेड़ता-थांवला क्षेत्र के नृसिंह बासनी गांव में आज कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि पर बन रही 400 लीटर वॉश एवं 10 लीटर हथकढ़ जहरीली कच्ची शराब की आंशका के चलते नष्ट कर कार्रवाई को अंजाम दिया है।

ग्राम नृसिंह बासनी में अचानक आबकारी विभाग की टीमों के छापे के बाद हडकंप मच गया। आबकारी विभाग के पुलिस अधिकारी नागौर से सहायक आबकारी अधिकारी कुलभूषण मिश्रा ने बताया थांवला क्षेत्र ग्राम नृसिंह बासनी में मुखबिर से मिली जानकारी के मुताबिक चौकीदारों के मोहल्लें में अवैध शराब बनाने का गौरखधंधा लंबे समय से चल रहा है। अज्ञात लोगों के खेतों में व सरकारी भूमि पर बन रही हथकड़ शराब बना दी जाती है, जहां पर हमारी टीम ने घरों में जाकर तलाश की तो हमें वहां पर कुछ भी नहीं मिला।

### बंजर जमीनों में दबा मिला जखीरा

आस-पास कड़ी मशक्कत के बाद जब हमने वहां के खाली पड़े बंजर जमीनों को चेक किया तो वहां पर हमें मिट्टी के नीचे दबे बड़ी मात्रा में 400 लीटर वाश प्लास्टिक के टैंक-मटकों में भरी 400 लीटर रेत में छिपाएं हुए मिले जिसे हमारी टीम ने 400 लीटर वॉश एवं 10 लीटर हथकढ़ शराब नष्ट की है। आबकारी विभाग इस मामले की तफ्तीश में जुटी है।

# मोबाइल मिलने की अफवाह, मीठड़ी में लगा महिलाओं का जमावड़ा

श्याम सुंदर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे में कई बार आमजन व महिलाए अफवाह की शिकार हो जाती है। इसी तरह पिछले दो तीन दिन महिलाओं को अज्ञात सूत्रो मालूम हुआ कि ग्राम पंचायत मुख्यालय पर महिलाओं को मोबाइल वितरण किया जा रहा है। इसी अफवाह के चलते महिलाए दो तीन दिन से ग्राम पंचायत मुख्यालय राजीव गांधी सेवा केंद्र पर मोबाइल फोन लेने पहुंच रही है। कई बार तो महिलाए यह भी जिद् बहस करने लग जाती है कि दूसरी महिलाओं को मोबाइल दे दिया है।

हमारे साथ पक्षपात की जा रही है। विकास समिती अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत मुख्यालय पर किसी प्रकार के मोबाइल का वितरण नहीं हो रहा है। मोबाइल फोन बाल व महिला विकास विभाग के द्वारा ऑगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व आशा सहयोगिनियों के माध्यम से उपलब्ध होगा।

# मोरियाना की टीम ने जीता कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब



जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम मोरियाना की छात्राओं ने जसनगर में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय कबड्डी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जीत हासिल कर खिताब जीत लिया। गांव पहुँचने पर ग्रामीणों ने टीम का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक उम्मेदसिंह चौहान, श्रवण लौरा, गिरधारी लाल, शारीरिक शिक्षक गंगा चौधरी, राकेश गेना, ग्राम विकास अधिकारी अभिषेक गेना सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महावीर व घोसी कॉलोनीवासियों ने पूर्व विधायक को ज्ञापन देकर बताई समस्याएं

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता शहर की महावीर कॉलोनी और घोसी कॉलोनी पिछले काफी सालों से पानी की दिक्कत से जूझ रही है, इसी समस्याओं को लेकर कॉलोनी के निवासियों ने पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा के निवास पर उनको ज्ञापन देकर अपनी समस्या बताई।



राजस्थान युवा कांग्रेस प्रवक्ता एवं पार्षद जाकिर खान सांखला ने बताया कि उक्त दोनों कॉलोनियों के निवासी विगत कई वर्षों से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं इनको निजी टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई करवानी पड़ती है, जिससे यहां के निवासियों के बजट पर अतिरिक्त भार पड़ता है, पानी की मूलभूत सुविधाओं में आता है अतः इसका त्वरित निराकरण होना चाहिए, इसलिए आज हम पूर्व विधायक रामचंद्र जी जारोड़ा साहब के पास आये है ताकि लोगो को उनका हक मिल सके।

**अधिकारियों से की बात :** वहीं पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा ने जलदाय विभाग के के अधिकारियों से दूरभाष पर मामले की जानकारी ली और अधिकारियों को जल्द ही इस समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। क्योंकि इस कॉलोनी में लगभग आबादी बस चुकी है और लोगों को इस मूलभूत सुविधा से वंचित नहीं रखा जा सकता अतीत जल्द ही समस्या का निवारण करवाया जाएगा।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर पार्षद जाकिर खान सांखला,सेवादल अध्यक्ष खुर्शीद गौरी, पीसीसी सदस्य लालाराम नायक,पूर्व पार्षद हाजी नसीर, भंवरू खां,कैलाश रातगवाल,रमजान,अयूब खा,रतन मेघवाल, रामनिवास मेघवाल, हरिराम चौधरी, हाजी खा,इंसाफ खां इत्यादि मौजूद थे।

# मेधावी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए बी स्क्वायर एकेडमी का बेहतरीन कदम

## टैलेन्ट सर्च एग्जाम बेस्ट -23 एग्जाम के पोस्टर का किया गया विमोचन




- एग्जाम पास करने पर 51 लाख रूपये के नगद पुरस्कार व 51 लाख रूपये की दी जाएगी छात्रवृत्ति
- बी स्क्वायर एकेडमी के संरक्षक नाथूराम ने थिरोदा ने मीडिया से रूबरू होते हुए दी जानकारी

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर जिले के मेड़तासिटी शहर के सिविल लाइन में स्थित बी-स्क्वायर एकेडमी क्षेत्र की प्रतिभाओं को तलाशने व तराशने के उद्देश्य से टेलेन्ट सर्च एग्जाम का आयोजन कराने जा रही है। इस टैलेंट सर्च एग्जाम के बहुरंगी पोस्टर का बी स्क्वायर एकेडमी परिसर में समारोह पूर्वक विमोचन किया गया। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन गौतम टाक, गांधी दर्शन के जिला संयोजक जगदीश नारायण शर्मा व अधिशासी अधिकारी रामरतन चौधरी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर संस्था संरक्षक नाथूराम थिरोदा ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि आगामी दिनांक 27 नवम्बर व 04 दिसम्बर 2022 को रखा जायेगा, जिसमें 51 लाख रूपये के नगद पुरस्कार व 51 लाख रूपये की छात्रवृत्ति अभ्यार्थियों को दी जाएगी।प्रत्येक कक्षा में टॉपर 100-100 विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार भी दिया जायेगा एवं 1000 से ज्यादा विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जायेगी। इसके साथ ही इस एग्जाम के लिए मेड़ता सिटी सहित कुचेरा, डेगाना, थंवला, गोटन, जसनगर, रियां बड़ी एग्जाम सेंटर बनाए गए है। इस मौके पर मुख्य अतिथि गांधी दर्शन जिला संयोजक शर्मा ने कहा कि हमारे लिए यह खुशी की बात है कि मीरानगरी शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रही है, इसमे बी. स्क्वायर एकेडमी के प्रयासों से क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थी डॉक्टर्स, इंजिनियर बन चुके है। ऐसे प्रयास लगातार होते रहे हैं तो आने वाले समय में मीरांनगरी शिक्षा का एक प्रमुख हब बनकर सामने आएगा। मुख्य अतिथि पालिका चेयरमैन गौतम टाक ने कहा कि पिछले कुछ सालों में मेड़ता शिक्षा का एक प्रमुख केन्द्र बनकर सामने आने के साथ ही अब यहां नीट/ जेईई सहित कई डिप्लोमा के लिए कोचिंग भी उपलब्ध है, क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने अधिक अवसर मिलेगा। अंत में प्रधानाचार्य रामलाल खटखट ने आभार ज्ञापित किया।

# सनातन संस्कृति की रक्षा हमारा परम् दायित्व : महेश शरण महाराज



## -तोषनीवाल परिवार द्वारा आयोजित राम कथा में गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति ने किया महाराज का अभिनन्दन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामनसिटी में तोषनीवाल परिवार द्वारा आयोजित श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के सप्तम दिवस पर आज कथा वाचक महेश शरण महाराज का गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति भारत इकाई कुचामनसिटी ने समिति के राष्ट्रीय महासचिव श्याम सुंदर मंत्री के नेतृत्व में स्वागत अभिनंदन किया। महाराज ने व्यास पीठ से सभी उपस्थित भक्तों से कहा कि गर्भपात महा पाप हैं। भ्रूण हत्या रोकना एवं स्नातन संस्कृति की रक्षा करना हम सभी का परम् दायित्व हैं। वर्तमान परिवेश में भ्रूण हत्या के कारण एक संन्तान की वजह से मामा, भुआ, मौसी, चाचा, ताऊ आदि रिस्ते विलुप्त हो रहे हैं। महासचिव श्यामसुंदर मंत्री ने कहा कि यह संस्था ब्रह्मलीन स्वामी रामसुख दास महाराज की प्रेरणा से गत 26 वर्षों से कार्य कर रही हैं और इस संस्था मे कोषाध्यक्ष का पद नहीं होता और न हीं किसी से चन्दा लिया जाता है सिर्फ़ सन्तों के आशीर्वाद से संस्था के कार्य हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि संपत्ति के साथ ही सन्तति को बढ़ाने पर भी ध्यान देना जरूरी है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कुचामन इकाई अध्यक्ष श्यामसुंदर सैनी ने महाराज को संस्था का फ़ोल्डर भेंट करते हुए सबका परिचय कराया। सचिव परमानंद अग्रवाल, सह सचिव अनंत तिवारी, उपाध्यक्ष मुरलीधर गोयल एवं मनोहर पारीक, नंदकिशोर बिरला, भंवरलाल पारीक, सत्यनारायण मोर, राजूराम नेहरा, सुरेश झंवर और दिल्ली इकाई प्रभारी संपत तोषनीवाल, इचलकरंजी इकाई प्रभारी सत्यनारायण तोषनीवाल आदि उपस्थित थे।

### फिल्म समीक्षा (मूवी रिव्यू) पर चार दिवसीय कार्यशाला का समापन

# टैगोर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सीखे फिल्म समीक्षा के गुण

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के झालरा रोड़ स्थित श्री टैगोर महाविद्यालय कुचामनसिटी नागौर में अंग्रेजी साहित्य विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय फिल्म समीक्षा कार्यशाला का बुधवार को समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री टैगोर महाविद्यालय के निदेशक सीताराम चैधरी ने सम्बोधित करते हुए बताया कि इस प्रकार कि कार्यशालाओं से विद्यार्थी की सोचने समझने तथा



लेखन अभिव्यक्ति क्षमता में निखार आता है। इस कार्यशाला में एक फिल्म समीक्षक की भूमिका के महत्व को विद्यार्थियों ने जाना।

**फिल्म समीक्षा लिखने की कला के विभिन्न पहलुओं को गहनता से समझा :** विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला के दौरान फिल्म समीक्षा लिखने की कला के विभिन्न पहलुओं को गहनता से समझा। इस कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में बताते हुए अंग्रेजी साहित्य की व्याख्याता डिम्पल सोनगरा ने कहा कि यह विद्यार्थियों के विश्लेषण कौशल और किसी घटना को इस तरह से रिपोर्ट करने की क्षमता के बारे में गहन जानकारी देता है जो दूसरों के लिए समझना आसान हो। विद्यार्थियो ने जाना कि फिल्म समीक्षा में सबसे अधिक चर्चा फिल्म के निर्देशन, अभिनय, कथानक तथा सिनेमौटोग्राफी की होती है। अपनी सोच की गहराई व लेखन चातुर्यथा से कहानी की मौलिकता को बरकरार रखते हुए उसके भावनात्मक प्रभाव को लेखन में चिह्नित किया जाता है। संस्था सचिव राजेश चैधरी ने बताया कि फिल्म समीक्षा कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए रोजगारोन्मुखी अवसर भी प्रदान कर सकती है। कार्यशाला समापन सत्र के अन्त में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक फिल्म के रिलीज होने के समय समाचार पत्रो, पत्रिकाओं या ऑनलाईन उस फिल्म की समीक्षा दिखाई देती है, जिसका उद्देश्य फिल्म को देखा जाना चाहिए।



# कोटा कॅरियर सॉइन्स स्कूल के तीन विद्यार्थियों का प्रदेश स्तर पर हुआ चयन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कोटा कॅरियर सॉइन्स एज्युकेशन सेन्टर उ.मा.वि. में बुधवार को तीन विद्यार्थियों के प्रदेश स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं में चयन होने पर अभिनन्दन किया गया। निदेशक राजेन्द्र चौधरी, संचालक लिखमाराम, प्रधानाचार्य शिवपाल डूडी, प्रबन्धक सन्तोष पारीक एवं सभी स्टॉफ ने प्रतिभाओं का अभिनन्दन किया। शारीरिक शिक्षक नाथु राम भाकर ने बताया कि हमारी संस्था के तीन छात्र-छात्राओ का राज्य स्तर पर अलग-अलग वर्ग में चयन हुआ हैं। छात्र वैभव पुत्र युवराज मूण्ड का 17 वर्षीय (बालक वर्ग) सेपक टकरा खेल प्रतियोगिता, छात्रा उमैहवा अंसारी पुत्री अहमद अली ने 17 वर्षीय (बालिका वर्ग) कराटे में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल व छात्र जयन्त कुमार पुत्र सज्जन सिंह ने 17 वर्षीय (बालक वर्ग) कराटे में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल प्राप्त करने पर व राज्य स्तर पर चयन खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर अध्यापक रमेश पारीक, भगवान, जसराज सैन, विजयपाल, बाबुलाल गोदारा, अयुब खान, श्रवण नेहरा, गजानन्द वर्मा, जगदीश, अजय राठौड़, अजय, रामेश्वर गावड़िया, मनीष भाटी, रामेश्वर कड़वा, कमल बिजारणीया, मनोज यादव, विकास नेहरा, लक्ष्मण, मंगाराम नेतड़, नेमीचन्द, विजय माकड़, दीपक खिलेरी, शंकर चोपड़ा, महेन्द्र भाकर, राकेश कड़वासरा, महिपाल गुर्जर, रूपाराम, कुशाल पुरी, मुकेश घोटिया, तरूण शर्मा, नरेन्द्र, मदन रणवां, सुरेश यादव, छोटुराम, धर्मेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# फैसला : नाबालिका के अपहरण के आरोपी को कोर्ट ने सुनाई 10 साल की सजा

## फेसबुक पर दोस्ती कर नाबालिग को भगा ले गया था आरोपी

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी के विशेष पोक्सो कोर्ट प्रथम ने बुधवार को नाबालिग को शादी की नियत से बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के एक आरोपी को 10 साल की कठोर सजा और 30 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। मेड़तासिटी के पोक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक सुमेर मीणा ने जानकारी देते हुए बताया की हरियाणा के सिरसा जिले के कालवाली के रहने वाले आरोपी शुभम पुत्र संजय कुमार ने पीड़िता से फेसबुक पर दोस्ती की। इसके बाद वह उसे बहला फुसलाकर ले गया और दुष्कर्म किया। रिपोर्ट दर्ज होने डेढ़ साल बाद कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई है।



### यह था मामला

मामला 24 मार्च 2021 का है। पीड़िता के पिता ने थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी छोटी बेटी घर से गायब है। रिपोर्ट में बताया गया कि उसकी बेटी दो फोन पर बातें किया करती थी। पुलिस ने इनकी डिटेल निकालकर जांच की। जिसके बाद टीम ने नाबालिग को अम्बाला कैंट हरियाणा से दस्तयाब कर लिया। मामले नाबालिग को भगाने के आरोप में पुलिस ने शुभम को गिरफ्तार किया।

## पत्रकार व लेखक ललित गर्ग सम्मानित



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली.न्यूज ) :** जैन विश्वभारती के सुमेरू में आयोजित समारोह में लेखक व पत्रकार ललित गर्ग को उनकी उल्लेखनीय लेखन एवं पत्रकारिता की सेवाओं का अंकन करते हुए सम्मानित किया गया। तेरापंथ समाज संस्था जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के अध्यक्ष मनसुख सेठिया ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर, जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली के अध्यक्ष सुखराज सेठिया ने माल्यार्पण कर अमृतवाणी के प्रकाश बैद ने पटका पहनाकर गर्ग को सम्मानित किया। गर्ग के द्वारा संपादित एवं जेसराज सेखानी अभिनंदन ग्रंथ के रूप में प्रकाशित 'गाथा पुरुषार्थ की' ग्रंथ का लोकार्पण अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य महाश्रमण के करकमलों से संपन्न हुआ। गर्ग पिछले चार दशक से राष्ट्रीय स्तर पर लेखन और पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं प्रदत्त करते हुए अणुव्रत आंदोलन, जैन विश्वभारती, तेरापंथ धर्मसंघ के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं व तेरापंथ टाइम्स का संपादन किया है।

# मयूर डिफेंस एकेडमी ने लहराया परचम

## समारोह आयोजित कर एयरफोर्स व नेवी 2022 में चयनित अभ्यर्थियों का किया सम्मान



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के मेगा हाईवे बाईपास रोड स्थित मयूर डिफेंस एकेडमी में बुधवार को एक समारोह आयोजित कर एयरफोर्स व नेवी 2022 में चयनित अभ्यर्थियों को माला व साफा पहनाकर तथा मुंह मीठा कर बधाई दी गई।

संस्था निदेशक बेगाराम कूकणा ने बताया कि एयरफोर्स में चयनित प्रशिक्षु बजरंगलाल पुत्र लच्छीराम निवासी दुगोली, रामेश्वरलाल पुत्र कुम्भाराम निवासी ग्राम चुवाद, जयपाल भाम्भू पुत्र भंवरलाल ग्राम पीड़वा, मोहित यादव पुत्र रामोतार जाखड़ गुलपारा भरतपुर, विकास जाखड़ पुत्र रामलाल जाखड़ ग्राम बेनीसर बीकानेर, राकेश गोदारा पुत्र रामनिवास गोदारा कल्याणसर बीकानेर, रामनिवास साहरण पुत्र सहाबराम जैतसर चुरू का नेवी में चयनित दिनेश रेवाड़ पुत्र लिछम्णराम ग्राम झाड़ेली जायल का अंतिम रूप से चयन हुआ है। निदेशक कुकणा ने बताया कि आनुपातिक दृष्टि से शानदार व उत्कृष्ट परिणाम देकर संस्था का नाम रोशन किया है। मजबूत टीम के साथ समय-समय पर मागदर्शन का परिणाम मिला है। इस मौके पर बेगाराम बिरड़ा, परमाराम खीचड़, भवानीसिंह पुनिया, जयराम चाहर, सत्येन्द्र देशवाल, अमित वैष्णव, ईश्वर, रामनिवास बुरड़क आदि मौजूद रहे।

## रंगोली खेल प्रतियोगिता में माडपुरा रही प्रथम

हुकमाराम ताडा

**खींवसर( नागौर डेली न्यूज ) :** 66वीं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में 19 वर्षीय छात्र रंगोली खेल प्रतियोगिता नोबल बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुचेरा में आयोजित हुई।

शारीरिक शिक्षक दिनेश रोज ने बताया कि जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माडपुरा जिले में प्रथम स्थान पर रही इसी विद्यालय के छात्र रविंद्र राणा पूरी प्रतियोगिता में बेस्ट प्लेयर रहे। इस दौरान खींवसर सीबीईओ मालाराम हुड्डा, एसीबीईओ राजूराम खदाव, वरिष्ठ अध्यापक रामस्वरूप सैनी, टेकचंद वर्मा, मुकेश जांगिड़, गोपाराम ,महावीर मीणा, मुकेश बैरवाल ने हर्ष प्रकट किया।

# 66वीं जिला स्तरीय वॉलीबॉल व जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का हुआ समापन



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** 66वीं जिला स्तरीय वॉलीबॉल एवं जिमनास्टिक प्रतियोगिता का भव्य समापन समारोह पिपलीतलाई के खेल मैदान में हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि धन्नाराम फौजी सरपंच कुकनवाली थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसीबीईओ दिनेश सिंह चौधरी ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रुप में विजय कुमार भाकर तहसीलदार, हरलाल कालेर एसीबीईओ परबतसर, बलराज रॉयल सरपंच प्रतिनिधि टोडास थे।

कार्यक्रम में आये अतिथियों का नगवाड़ा सरपंच मनोज लोरा के नेतृत्व में ग्रामवासियों के द्वारा साफा बन्धन कर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल में छात्र वर्ग में प्रथम स्थान वीर तेजा पब्लिक स्कूल खुनखुना का रहा व द्वितीय स्थानरा .उ.मा.वि.भोमियों की ढ़ाणी गुलासर का रहा।

छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्यारी देवी तापड़िया विद्यालय जसवंतगढ़ का रहा व द्वितीय स्थान पर रा.उ.प्रा.वि.रतनास का रहा। जिम्नाष्टिकमें बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर रा.उ.प्रा.वि.बाग वाली कोठी उगरपुराव द्वितीय स्थान पर एलियन पब्लिक स्कूल कुचामनसिटी का रहा।

## कैंपर गाड़ी ने मारी लोडिंग टैम्पों को टक्कर, दुर्घटना में टेंपो चालक घायल



हुकमाराम ताडा

**खींवसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर उपखंड मुख्यालय पर रोडवेज बस स्टैंड के पीछे सड़क मार्ग पर कैंपर गाड़ी ने लोडिंग टैम्पों को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हुआ। मौके पर लोगों ने काफी मशक्कत के बाद लोडिंग टेंपो के चालक को बाहर निकाला। उपचार के लिए राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल करवाया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जोधपुर रेफर कर दिया। लोडिंग टेंपो चालक खींवसर निवासी सहदेव पुत्र बाबूलाल जाति प्रजापत घायल हुआ। वहीं दुर्घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। वहीं सूचना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क मार्ग पर पूर्व में 6 बार हादसे हुए।

## फर्जी पट्टे प्रकरण में नामजद आरोपी के खिलाफ जांच की डिप्टी से लगाई गुहार

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत आंतरोली कलां के पूर्व सरपंच मदनसिह ने डेगाना ने दो माह पूर्व थाने मे रिर्पोट दर्ज करवा कर डेगाना तहसील मे स्टाम्प विक्रेता के खिलाफ लोगो को सरंपच ग्राम सेवक के नाम की फर्जी सील व हस्ताक्षर कर पट्टे देने का मामला दर्ज कराया था, जिसमें जांच नहीं होने पर बुधवार को डेगाना डिप्टी के सामने पेश होकर इस गंभीर फर्जीवाड़े की किसी उच्चाधिकारीसे जांच कराने की मांग की है। पूर्व सरपंच ने पुलिस थाना डेगाना मे रिर्पोट दर्ज करवा कर बताया कि मदनसिंह ग्राम पंचायत आंतरोली कला में सन् फरवरी 2015 से जनवरी 2020 तक ग्राम पंचायत आंतरोली कलां का निर्वाचित सरपंच के पद पर रहा। पंचायत समिति डेगाना के द्वारा ग्राम पंचायत आंतरोली कलां के अधीन आने वाले आबादी क्षेत्र के पट्टे जारी करने हेतु 5 साल के कार्यकाल में कुल 4 पट्टा बुके ग्राम पंचायत को जारी की गई। मदनसिंह ने बताया की अभी कुछ दिनों पूर्व ज्ञात हुआ है कि कुछ लोगों ने डेगाना तहसील परिसर में अधिकारियों की नाक नीचें बैठने वाला एक स्टाम्प विक्रेता ने कई लोगों से मिलकर अवैध रूप से लाखों रूपये की राशि वसूल कर फर्जी तरीके से पट्टा बुक तैयार कर उस पर ग्राम विकास अधिकारी एवं सरपंच की फर्जी तरीके से सील मोहरे लगाकर सरपंच मदनसिंह एवं ग्राम विकास अधिकारी मुकेश गोदारा के फर्जी एवं कूटरचित हस्ताक्षर कर कई लोगो को पट्टे जारी कर दिये।

# सेवानिवृत्त पुलिस कार्मिकों की बैठक व स्नेह मिलन का हुआ भव्य आयोजन

सद्दाम रंगरेज

**नागौर( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर राजस्थान पुलिस के सेवानिवृत्त पुलिस कार्मिकों की समस्याओं के निराकरण, सेवारत पुलिस विभाग के अधिकारियों को सहयोग प्रदान करने के संबंध में विचार विमर्श करने के लिए सम्पूर्ण जिले से 201 कार्मिक जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाईन के विशाल सभा भवन में उपस्थित हुए।




जिला पुलिस की ओर से राजेश मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागौर व संचित निरीक्षक हरीराम जाखड़ ने नवगठित कार्यकारिणी के रामूराम मीणा, अध्यक्ष, मोहनसिंह व बींजाराम वरिष्ठ उपाध्यक्ष साबिर हुसैन महासचिव तथा सुमेर सिंह, प्रचार मन्त्री सहित हाजी अल्लानूर खां सचिव, मनीराम कोषाध्यक्ष तथा समस्त उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री, संयुक्त सचिव तथा सदस्यगण को साफा व माला पहनाकर भावभीना स्वागत किया गया तथा समस्त कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता सहित सक्रिय रहकर संगठन के संविधान अनुसार अपने कर्तव्य निर्वहन की शपथ दिलाई। इसी प्रकार राममूर्ति जोशी ने संगठन के वृद्धतम सेवानिवृत्त अधिकारी गणेशराम चौधरी, लियाकत अली खां खोखर, माधोसिंह एमटीओ, भंवरदान आदि को साफा व माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन एवं दीर्घायु की कामना की।

**समस्याओं के निराकरण का आग्रह :** इस बैठक में संस्थान के पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम राम मूर्ति जोशी, जिला पुलिस अधीक्षक नागौर को कार्मिकों की एकसमान प्रतिपादित होने वाली समस्याओं का उल्लेख कर 6 सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत कर उसके निराकरण का आगृह किया तथा सर्वश्री रामचन्द्र धुंधवाल, मोहम्मद शकूर, राजेन्द्र सिंह, श्रवणसिंह, प्रहलादसिंह, डूंगरसिंह आदि कार्मिकों ने अपने व्यक्तिगत समस्याओं के अभ्यावेदन प्रस्तुत किये, जिनके निराकरण हेतु समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया । इसी कड़ी में सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान की ओर से राममूर्ति जोशी, पुलिस अधीक्षक नागौर, राजेश मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिराम जाखड़, संचित निरीक्षक, रूपाराम थानाधिकारी थाना सदर, छीतरसिंह, थानाधिकारी महिला थाना, गरीबराम, हवलदार मेजर व एमटीओ आदि को साफा व माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया। पुलिस विभाग एवं सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान की ओर से मंच संचालन साबिर हुसैन महासचिव द्वारा किया गया।

## मारोठ सरपंच व ग्रामसेवक के आपसी झगड़े की भेंट चढ़ी कस्बे की साफ सफाई व्यवस्था



### कस्बे में महीनों से फैला पड़ा है चारों ओर गंदगी का साम्राज्य

हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे में साफ सफाई व्यवस्था के हाल बद हाल है। कस्बे की हर गली चौराहा गंदगी से अटा पड़ा है, जहां चाह होती है कि हर कोई अपने घर को सुंदर बनाने और साफ सुथरा और सुंदर रखने के लिए एक और दिन रात लोग जुटे रहते हैं लेकिन ग्राम पंचायत को कस्बे को साफ सुथरा रखने की सुध ही नहीं है। बदहाल व्यवस्थाओं का आलम यह है कि कस्बे के कई इलाकों में कई-कई महीनों से कचरा तक नहीं उठ रहा है ना ही प्रमुख मार्गो और स्थानों पर झाड़ू लगाने की कोई व्यवस्था है। कस्बे के अधिकांश वार्डों में नालियों की साफ सफाई हुए कई महीने बीत गए हैं।

सीकर अजमेर मार्ग पर सड़क के पास बने पीडब्लूडी के नालों की साफ सफाई हुए सालो साल बीत गए हैं, जिनकी सुध ना ही तो ग्राम पंचायत और न ही पीडब्ल्यूडी ले रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत को अनेकों बार इन नालों की बदहाल सफाई के बारे में अवगत करवाया जा चुका है किंतु सब ढाक के दो पात के बराबर है। इन नालों की गंदगी से परेशान होकर क्षेत्रवासियों को खुद ही साफ सफाई करनी पड़ती है।

# कुचेरा चेयरमैन तेजपाल मिर्धा का किया सम्मान

■ तेजपाल मिर्धा ने कार्यकर्ताओं से किया सीधा संवाद ■ सरकार की जनकल्याणकारी को आमजन तक पहुंचाने का किया आह्वान

### चेयरमैन तेजपाल मिर्धा ने अधिशाषी अधिकारी रामरतन चौधरी की जमकर तारीफ

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** कुचेरा नगरपालिका के चेयरमैन तेजपाल मिर्धा आज एक दिवसीय दौरे पर मेड़तासिटी पहुंचे। उन्होंने यहां पर अनेक कार्यक्रमों में शिरकत की।



इस दौरान नगर पालिका परिसर में चेयरमैन तेजपाल मिर्धा का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा माला व साफा पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर तेजपाल मिर्धा ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहां की मेड़ता नगरपालिका प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत बेहतरीन कार्य कर रही है। इस मौके पर उन्होंने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी रामरतन चौधरी की भी जमकर तारीफ करते हुए कहा कि बेहतर मॉनिटरिंग की बदौलत मेड़ता नगरपालिका पट्टे देने में पूरे प्रदेश में अव्वल है। इस मौके पर विजयपाल मिर्धा ने कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात कर उन्हें राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इसके साथ ही आगामी चुनाव को मद्देनजर रखते हुए कार्यकर्ताओं को कमर कसने के निर्देश दिए।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी रामरतन चौधरी,केश कला बोर्ड के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य माणक सेन, मोहन लाल माली, पूर्व वाइस चेयरमैन रामसुख मुंशी, पीसीसी सदस्य लाला राम नायक, दशरथ सारस्वत, कॉग्रेस नेता सुनील सिखवाल, पार्षद ओम प्रकाश गहलोत, पार्षद विजेश जांगिड़, मौजूद रहे।

## दो छात्रों व चार छात्राओं का सॉफ्टबॉल में राज्य स्तर पर चयन

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज ) :** 66वीं जिला स्तरीय सॉफ्ट बॉल प्रतियोगिता नागौर के किशनलाल कांकरिया माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुई जिसमें 17 आयु वर्ग छात्र छात्रा वर्ग में सॉफ्टबॉल खेल कूद प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में लोमरोड़ों की ढाणी( गुलर) की छात्राओं ने कलरू को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार छात्र वर्ग 17 वर्ष में भी तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सरोज मीणा शारीरिक शिक्षक कानाराम जाखड़ ने बताया की छात्रा वर्ग में छात्रों का राज्य स्तरीय टीम के लिए चयन हुआ है जिसमें सीमा लक्ष्मी आशा पूजा का चयन हुआ है इसी प्रकार 17 आयु वर्ग में छात्र रामेश्वर सारण वह विकास पूनिया का राज्य स्तर पर खेलने के लिए चयन हुआ है। विद्यालय परिवार में ग्राम वासियों ने छात्र-छात्राओं का स्वागत कर खुशी जाहिर करें।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com